भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

12.08.2026 के

अतारांकित प्रश्न सं. 4134 का उत्तर

बालासोर ओडिशा में रेलवे पटरियों का प्रतिस्थापन

4134. श्री प्रताप चंद्र षडङ्गी:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को वित्तीय वर्ष 2014-15 से 2025-26 तक बालासोर (ओडिशा) में विद्यमान रेलवे पटरियों को उच्च गुणवत्ता वाली पटरियों से प्रतिस्थापित किए जाने की जानकारी है;

(ख) यदि हां, तो वित्तीय वर्ष 2014-15 से 2025-26 तक वर्ष-वार उच्च गुणवत्ता वाली पटरियों से प्रतिस्थापित रेलवे पटरियों की लंबाई सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या सरकार को वित्तीय वर्ष 2014-15 से 2025-26 के दौरान बालासोर (ओडिशा) में इष्टतम दक्षता और सुरक्षा के लिए पटरियों के अनुरक्षण, सुरक्षा और रख-रखाव हेतु आवंटित निधियों की जानकारी है; और

(घ) यदि हां, तो वित्तीय वर्ष 2014-15 से 2025-26 तक बालासोर में पटरियों के अनुरक्षण, सुरक्षा और रेलवे से संबंधित घटकों के रख-रखाव के लिए आवंटित निधियों सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (घ): रेलपथ उन्नयन और नवीनीकरण एक सतत और निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। रेलपथ का नवीनीकरण आयु, किए गए यातायात, स्थिति आदि के आधार पर निर्धारित मानदंडों के अनुसार किया जाता है।

रेलपथ की स्थिति और विभिन्न अन्य कारकों को प्राथमिकता देते हुए रेलपथ नवीनीकरण कार्यों की योजना तैयार की जाती है और उन्हें निष्पादित किया जाता है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि रेलपथ अनुमत गति पर गाड़ियों के परिचालन के लिए सुरक्षित है।

2014-26 के दौरान बालासोर सहित पूरे रेल नेटवर्क में किए गए रेलपथ नवीनीकरण कार्यों का विवरण निम्नानुसार है:

नवीनीकृत रेलपथ	लगभग 55,200 कि.मी.

इसमें 2014-26 के दौरान बालासोर जिले में किया गया लगभग 200 कि.मी. का रेलपथ नवीकरण शामिल है।

इसके अलावा, रेलपथ के उन्नयन के लिए निम्नलिखित कदम उठाए जा रहे हैं:-

i. प्राथमिक रेलपथ नवीकरण करते समय 60 कि.ग्रा. की आधुनिक रेलपथ संरचना, 90 अल्टीमेट टेन्सिल स्ट्रेंथ (यूटीएस) पटरियां, प्रीस्ट्रेस्ड कंक्रीट स्लीपर (पीएससी) लोचदार बंधन वाले सामान्य/चौड़े स्लीपर, पीएससी स्लीपरों पर फैनशेप्ड लेआउट टर्नआउट, गर्डर पुलों पर स्टील चैनल/एच-बीम स्लीपर्स का उपयोग किया जाता है।
ii. टर्नआउट नवीनीकरण कार्यों में थिक वेब स्विच और वेल्ड करने योग्य सीएमएस क्रॉसिंग का उपयोग।
iii. ज्वाइंटों की वेल्डिंग करने से बचने के लिए 260 मीटर लंबे पटरी पैनलों की अधिकतम आपूर्ति करना, जिससे संरक्षा और यात्रा गुणवत्ता में सुधार किया जा सके।
iv. पूर्ववर्ती पारंपरिक/बेहतर एसईजे के स्थान पर थिक वेब स्विच एक्सपेंशन ज्वाइंटों का उपयोग किया जा रहा है।
v. पटरियों के लिए बेहतर वैल्डिंग तकनीक अर्थात फ्लैश बट वेल्डिंग अपनाना।
vi. रेलपथ की बेहतर अनुरक्षण क्षमता और विश्वसनीयता के लिए उच्च आउटपुट सामान्य टैम्पर्स और प्वॉइंटों एवं क्रॉसिंग टैम्पर्स का उपयोग करके रेलपथ रखरखाव के लिए यंत्रीकृत प्रणाली को अपनाना।
vii. परिसंपत्तियों की विश्वसनीयता को और बेहतर बनाने के लिए रेल ग्राइंडिंग मशीनों सहित अत्याधुनिक मशीनों का उपयोग।
viii. पीक्यूआरएस, टीआरटी, टी-28 आदि जैसी रेलपथ मशीनों के उपयोग के माध्यम से रेलपथ बिछाने की गतिविधियों का यांत्रिकीकरण।
ix. समपार फाटकों पर संरक्षा बढ़ाने के लिए समपार फाटकों की इंटरलॉकिंग।

x. पटरियों और वेल्डों के परीक्षण के लिए उन्नत चरणबद्ध एरे प्रौद्योगिकी का उपयोग।

xi. सबसे बेहतर अनुरक्षण की आवश्यकताओं का पता लगाने के लिए संपूर्ण कार्यप्रणाली की जांच के लिए एकीकृत रेलपथ निगरानी प्रणाली (आईटीएमएस) और दोलन निगरानी प्रणाली (ओएमएस) की संस्थापना।

xii. यार्डों में रेलपथ पैरामीटरों की निरंतर रिकॉर्डिंग के लिए पोर्टेबल रेलपथ मापन ट्रॉली को अपनाना।

xiii. विभिन्न स्रोतों से प्राप्त रेलपथ निरीक्षण रिकॉर्ड के एकीकरण और डेटा विश्लेषण के लिए वेब आधारित रेलपथ प्रबंधन प्रणाली (टीएमएस) का उपयोग किया जा रहा है, ताकि उचित अनुरक्षण इनपुट प्राप्त हो सके।

उपर्युक्त उपायों के परिणामस्वरूप, रेलपथ की गति क्षमता में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है। वर्ष 2014 की तुलना में 2026 के दौरान रेलपथ की गति क्षमता का विवरण निम्नानुसार है:

खंडीय गति (कि.मी. प्रति घंटा)	2014		2026	
	रेलपथ किलोमीटर	%	रेलपथ किलोमीटर	%
130 और अधिक	5,036	6.3	24,173	22.5
110 - 130	26,409	33.3	62,482	58.1
< 110	47,897	60.4	20,897	19.4
कुल	79,342	100	1,07,552	100

इसमें वर्ष 2022 में बालासोर में रेलपथ को कवर करते हुए 130 कि.मी. प्रति घंटा तक खड़गपुर-बालासोर मार्ग की गति क्षमता बढ़ाना शामिल है।

विगत वर्षों में बालासोर सहित भारतीय रेल में रेलपथ नवीनीकरण/उन्नयन पर होने वाले व्यय पर उल्लेखनीय रूप से वृद्धि हुई है, जिसका विवरण निम्नानुसार है:

2013-14 (₹ में)	2025-26 (₹ में)	2013-14 की तुलना में 2025-26
4979 करोड़	26231 करोड़	5.3 गुना

*****